मूल्य 1 रु.
वर्षः 14 - अंक : 275, मुंबई, सोमवार, 6 जनवरी, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान
दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




DESI VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

## बर्ड फ्लू को लेकर महाराष्ट्र में
# अलर्ट



## रेस्क्यू सेंटर में बाघों और तेंदुए के मौत का मामला आया सामने

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** राज्य में पहली बार बर्ड फ्लू से हुई बाघों और 1 तेंदुए की मौत ने पूरे वन विभाग को हिलाकर रख दिया। इसलिए सभी चिडियाघरों, ट्रांजिट ट्रीटमेंट सेंटरों में विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। चूंकि यह वायरस हवा से फैलता है, इसलिए संभावना है कि यह इंसानों के लिए भी खतरा हो सकता है। इसीलिए गोरेवाड़ा रेस्क्यू सेंटर में सभी जंगली जानवरों की जांच और रखरखाव के लिए 6 पशु चिकित्सकों की एक टीम बनाई गई है। नागपुर पशुवैद्यकीय महाविद्यालय के संस्थापक डॉ. शिरीष उपाध्याय के नेतृत्व में पिंजरों में बंद पक्षियों, जंगली जानवरों की जांच की गई। वन्यजीवों और पक्षियों का नमूना लिया गया है।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**



# एकनाथ शिंदे को मिली जान से मारने की धमकी

## ठाणे पुलिस स्टेशन में लगा रहा शिवसेना कार्यकर्ताओं का जमावड़ा

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** बीते दिन महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी दी थी। इस मामले पर ठाणे पुलिस ने कार्रवाई की। इस मामले की जानकारी सोमवारो को अधिकारी ने दी और बताया कि ठाणे पुलिस ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में 26 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। श्रीनगर पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक गुलजारी लाल फडतरे ने बताया कि आरोपी की तलाश जारी है जिसकी पहचान ठाणे शहर के वारली पाडा निवासी हितेश धेंडे के रूप में हुई है। इस दौरान ठाणे पुलिस स्टेशन में शिवसेना के कार्यकर्ता बड़ी मात्रा में मौजूद रहे। पुलिस ने विस्तृत जानकारी दिए बिना बताया कि एकनाथ शिंदे को धमकी देने वाले आरोपी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उपमुख्यमंत्री के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया और उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**

## बुलढाणा में संजय गायकवाड़ की फिसली जबान



## वैश्याओं से कर दी तुलना, राज्य में मचा हड़कंप

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** हाल ही में एक जनसभा रैली को संबोधित करते हुए विधायक संजय गायकवाड़ ने एक विवादित बयान दे दिया है, जिसे मतदाता आहत हो गए है। बुलढाणा विधायक संजय गायकवाड़ ने मतदाताओं के बारे में बात की, जिस पर हंगामा खड़ा हो गया। एक विवादित बयान में संजय गायकवाड़ ने बुलढाणा में मतदाताओं की तुलना वैश्यों से कर दी। इस दौरान मतदाताओं पर संजय गायकवाड़ ने तंज कसा और ऐसे ही वक्त में संजय गायकवाड़ ज्यादा ही बोल गए, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। विधायक संजय गायकवाड़ ने कहा कि, वोटर उन्हें एक वोट दे नहीं सकें, वोटरों को सिर्फ शराब, मटन चाहिए। उन्होंने कहा कि वोटर बिक गए हैं। इसके बाद संजय गायकवाड ने मतदाताओं की तुलना वैश्याओं से कर दी और वैश्याओं को मतदाताओं से ज्यादा बेहतर बता दिया।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# संपत्ति कर न भरने वालों को मनपा ने भेजा नोटिस

## बढ़ी हुई दर का हुआ विरोध

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**अमरावती।** मनपा प्रशासन ने संपत्ति कर का भुगतान न करने वाले 4,600 से अधिक संपत्ति मालिकों को नोटिस भेजा है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि अगर इन संपत्ति मालिकों ने समय पर कर का भुगतान नहीं किया तो संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई की जा सकती है। इस बीच, गुरुवार से पहले से बकाया चल रहे संपत्ति मालिकों पर दो प्रतिशत मासिक या 24 प्रतिशत वार्षिक जुमार्ना लगाया गया है। मनपा ने नए सिरे से संपत्ति सर्वेक्षण और मूल्यांकन कर 2023-24 में बढ़ी हुई दर लागू की थी।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**



### मालिकों को भेजी चेतावनी नोटिस

इसलिए प्रशासन ने अब पुरानी दर पर ही सही, कर वसूलने के लिए कमर कस ली है। इसके लिए छुट्टी के दिनों में भी कैंप लगाए जा रहे हैं और करों का भुगतान करने के लिए ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों तरह के विकल्प उपलब्ध कराए गए हैं। इसके बाद कम से कम 50 हजार रुपये या इससे अधिक बकाया रखने वाले 4600 से अधिक संपत्ति मालिकों को चेतावनी नोटिस दिए गए हैं। इस नोटिस का जवाब नहीं देने पर दूसरा जब्ती नोटिस दिया जाएगा।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### निजी डेटा निजी रहे




**समस्या बनी रही यह समझ है कि सरकार को हर तरह के डेटा पर अपना स्वामित्व बनाने का प्रयास कर रही है। जबकि बेहतर यह होगा कि नया कानून बनाने के अवसर का उपयोग नागरिक अधिकारों के संरक्षण की अवधारणा के मुताबिक हो।**

केंद्र के डिजिटल निजी डेटा संक्षरण (डीपीडीपी) विधेयक प्रारूप को लेकर पैदा हुए अंदेशों के पीछे एक वजह तो वर्तमान सरकार के पुराने रिकॉर्ड से पैदा हुआ अविश्वास है। समाज के एक बड़े हिस्से में धारणा गहरे बैठी हुई है कि नरेंद्र मोदी सरकार नागरिक जीवन के हर पहलू पर शिकंजा कसना चाहती है। बहरहाल, धारणाओं को छोड़ दें और आम जन की राय मांगने के लिए सार्वजनिक किए गए प्रारूप पर ध्यान दें, तो भी ये नहीं लगता कि सरकार का मकसद निजी डेटा पर व्यक्तियों के अधिकार को मजबूती प्रदान करना है। बल्कि लगता है कि वह सारे डेटा पर अपना नियंत्रण अधिक मजबूत करना चाहती है। इसका एक प्रमुख पहलू डेटा को देश से विदेश ले जाने को नियंत्रित करना है। प्रावधान किया गया है कि जो कंपनियां यूजर्स डेटा हासिल करती हैं, उन्हें देश का डेटा देश के अंदर ही रखना होगा। हालांकि सरकार की तरफ से यह सफाई भी दी गई है कि इस प्रावधान को सिर्फ कुछ जरूरी मामलों में लागू किया जाएगा। वे मामले कौन–से होंगे, इसका निर्णय संबंधित मंत्रालय करेंगे। आज दुनिया भर में ट्रेंड डेटा को देश में रखने के लिए कंपनियों को मजबूर करने का है। मगर उसके साथ ही डेटा पर पहला अधिकार संबंधित व्यक्ति का है, यह सिद्धांत भी तेजी से स्वीकार्यता हासिल करता गया है। मगर भारतीय प्रारूप में इस निर्णय का अधिकार सरकार हासिल करती दिखती है। एक अन्य प्रमुख प्रावधान बच्चों के इंटरनेट उपयोग से पहले माता–पिता की स्वीकृति को अनिवार्य बनाना है। यह कैसे होगा, इसकी जिम्मेदारी डेटा हासिल करने वाली कंपनियों पर डाल दी गई है। कंपनियों के मुताबिक यह बेहद मुश्किल काम है। कई विकसित देशों में भी इसे सुनिश्चित करना कठिन बना रहा है। वैसे इस प्रावधान के पीछे मकसद अच्छा है। लेकिन कुल समस्या प्रारूप को लेकर बन रही यह समझ है कि इसके जरिए सरकार को हर तरह के डेटा पर अपना स्वामित्व बनाने का प्रयास कर रही है। जबकि बेहतर यह होगा कि नया कानून बनाने के इस अवसर का उपयोग नागरिक अधिकारों के संरक्षण की अवधारणा के मुताबिक हो।

# सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष आदि प्रसंगों का किया गया सुंदर वर्णन

**काशी** के प्रसिद्ध राष्ट्रीय कथावाचक कुणाल महाराज जी ने सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष आदि प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया। सुदामा जी जितेंद्रिय एवं भगवान कृष्ण के परम मित्र थे। भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते। गरीबी के बावजूद भी हमेशा भगवान के ध्यान में मग्न रहते। पत्नी सुशीला सुदामा जी से बार बार आग्रह करती कि आपके मित्र तो द्वारकाधीश है। उनसे जाकर मिलो शायद वह हमारी मदद कर दें। सुदामा पत्नी के कहने पर द्वारका पहुंचते हैं और जब द्वारपाल भगवान कृष्ण को बताते हैं कि सुदामा नाम का ब्राम्हण आया है। कृष्ण यह सुनकर नंगे पैर दौड़कर आते हैं और अपने मित्र को गले से लगा लेते । उनकी दीन दशा देखकर कृष्ण के आंखों से अश्रुओं की धारा प्रवाहित होने लगती है। सुदामा जी को सिंघासन पर बैठाकर कृष्ण जी सुदामा के चरण धोते हैं। सभी पटरानियां सुदामा जी से



आशीर्वाद लेती हैं। सुदामा जी विदा लेकर अपने स्थान लौटते हैं तो भगवान कृष्ण की कृपा से अपने यहां महल बना पाते हैं लेकिन सुदामा जी अपनी फूंस की बनी कुटिया में रहकर भगवान का सुमिरन करते हैं। इस लिए कहा गया है कि जब जब भक्तों पर विपदा आई है प्रभु उनका तारण करने जरुर आए हैं। अगले प्रसंग में शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को सात दिन तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाई, जिससे उनके मन से मृत्यु का भय निकल गया। तक्षक नाग आता है और राजा परीक्षित को डस लेता है। राजा परीक्षित कथा श्रवण करने के कारण भगवान के परमधाम को पहुंचते है। रविवार को हवन,कलश विसर्जन एवं भंडारे के साथ कथा सम्पन्न हो जाएगा।कलवा पूर्व स्थित आतकोनेश्वर नगर में ब्राह्मण जन जागरण संस्था द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ की कथा में प्रतिदिन यजमानो द्वारा बेदी पूजन का कार्यक्रम संपन्न किया जा रहा है। काशी से पधारे आचार्य गुलाब शास्त्री एवं प्रवीण कुमार के द्वारा प्रतिदिन वेदी पूजन का कार्यक्रम प्रभावी ढंग से संपन्न किया जा रहा है। इस भागवत कथा में ब्राह्मण जन जागरण संस्था के सभी पदाधिकारी बड़े उत्साह पूर्वक कथा श्रवण कर रहे हैं और सभी व्यवस्थाओं को देख रहे हैं रहे। संस्था के अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने हमारे संवाददाता से बताया कि यह संस्था प्रतिवर्ष श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ की कथा करवाती है। यहां के सभी भगवत प्रेमी पूज्य महाराज जी के मुखारविंद से प्रतिवर्ष नए-नए ज्ञान को ग्रहण करते हैं। महाराज जी के भजनों को श्रवण करके भक्तजन बिना झूमें नहीं रह पाते। कथा की सार्थकता यही है कि भक्त भगवान के हो जाए।कथा को सफलता पूर्वक संपन्न करावाने में कमिटी के पंडित संजय मिश्रा, कमलेश शुक्ला, अशोक गिरी, अखिलेश उपाध्याय, अखिलेश पाण्डेय, डॉक्टर राम दुबे, जीतेन्द्र शुक्ला, ओमप्रकाश मिश्रा, रमेश उपाध्याय संस्था के मीडिया प्रभारी अशोक चौबे, के साथ साथ विशेष मार्गदर्शन में पंडित विनोद मिश्रा का सहकार्य रहा।

# धार जिला नवागत सहायक आयुक्त मनीषा गौतम मैडम का स्वागत सम्मान किया



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**धार।** धार जिले के समस्त शासकीय सी एम राइज स्कूलों के प्राचार्य के बैठक संपन्न हुई और सभी प्राचार्यों द्वारा धार जिला नवगत सहायक आयुक्त मनीषा गौतम मैडम का स्वागत सम्मान किया इस मौके पर शासकीय सी एम राइज स्कूल के प्रिंसिपल नीता श्रीवास्तव धरमपुरी बाकानेर प्रिंसिपल डॉ. बी आर गाथिये मनावर सी एम राइज प्रिंसिपल सोहन शिंदे डही सी एम राइज स्कूल प्रिंसिपल अरुण कुशवाह गंधवानी सी एम राइज एस.स्कूल प्रिंसिपल एमएस डावर निसररपुर सीएम राइज स्कूल प्रिंसिपल दिनेश पाटीदार कुक्षी सीएम राइज स्कूल प्रिंसिपल नारोलिया सर त्रिरला से मिश्रा मैडम धार १ स्मृति मिश्रा सर जेड पी पटेल सी एम राइज स्कूल सरदारपुर उपस्थित होकर मीटिंग की ओर नवागत सहायक आयुक्त मनीषा गौतम मैडम का स्वागत सम्मान किया। और जिले की बैठक में हिस्सा लिया।

# ग्रेटर हैदराबाद मेमन सोसायटी की जानिब से 9वां खवातीन के लिए सुन्नी इज्तेमा और यासीन शरीफ कॉम्पिटिशन का प्रोग्राम हुआ




**मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर**

**हैदराबाद।** तेलंगाना के हैदराबाद में तारीख 31 डिसेंबर 2024 को ग्रेटर हैदराबाद मेमन सोसायटी की जानिब से ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन के रहेनुमाई पर 9वां सालाना खवातीन के लिए सुन्नी इज्तेमा और यासीन शरीफ कॉम्पिटिशन का प्रोग्राम हुआ। इस मौके पर आए हुए लोगों के लिए एक क्विज कॉम्पिटिशन का राउंड रखा गया जिस में सही जवाब देने पर प्राईज दिया गया। प्रोग्राम की शुरूआत ग्रेटर हैदराबाद मेमन सोसायटी के लेडिज विंग चेयरपर्सन अमरीन सलीम नडियादवाला ने महेमानों का वेलकम के साथ किया। इस मौके पर मुख्य महेमानों में हाजियानी रशीदा बाई, हाजियानी हमीदा बाई, हाजियानी बिल्कीस बाई, हाजियानी सहेनाज बाई, हाजियानी सलमा बाई, ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन के झोनल सेक्रेटरी और ग्रेटर हैदराबाद मेमन सोसायटी के प्रेसिडेंट सलीम भाई नडियादवाला के साथ साथ दिगर खवातीन मौजूद रहे। बाद में लेडिज लोगों का सुन्नी इज्तेमा हुआ जिसमें नात शरीफ, बयानात हुए। यासीन शरीफ कॉम्पिटिशन में 4 बच्चों ने पार्टी सिपेट किया और सभी बच्चों ने मुंह जबानी यासीन शरीफ पढ़े उन सभी बच्चों को ग्रेटर हैदराबाद मेमन सोसायटी की जानिब से आए हुए सभी महेमानों के हाथों से गिफ्ट प्राइज दिया गया। साथ ही साथ आए हुए सभी महेमानों को भी प्राइज गिफ्ट दिया गया। साथ में मुंबई से तसरीफ लाए हुए पत्रकार शोएब म्यानुंर का भी ग्रेटर हैदराबाद मेमन सोसायटी की जानिब से मेडल देकर विशेष सम्मान किया गया। प्रोग्राम के आखरी में हाजियानी बिल्कीस बाई, ने सभी खवातीन का सुख्रिया अदा किया और प्रोग्राम को पाए तकमील तक पहुंचाया गया।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक–**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई–68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी–2–301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# भाजपा का राज्यव्यापी विशेष सदस्य पंजीकरण अभियान कल 5 जनवरी को

## भाजपा संगठन पर्व के प्रभारी विधायक रवींद्र चव्हाण की जानकारी... एक ही दिन में 25 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य...

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता पंजीकरण अभियान को गति देने के उद्देश्य से रविवार 5 जनवरी को राज्य भर में विशेष सदस्यता पंजीकरण अभियान चलाया जाएगा। एक ही दिन में 25 लाख से अधिक सदस्यों का पंजीकरण करने का लक्ष्य है, ऐसी जानकारी संगठन पर्व के प्रभारी विधायक रवींद्र चव्हाण ने शनिवार को दी। वह भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। इस मौके पर उनके साथ प्रदेश मुख्य प्रवक्ता केशव उपाध्ये, मीडिया विभाग के प्रमुख नवनाथ बन, प्रवक्ता ओमप्रकाश चौहान समेत अन्य मान्यवर मौजूद रहे। उन्होंने यह भी बताया कि इस अभियान में राज्य में पार्टी के सभी मंत्री, विधायक, सांसद, नेता पदाधिकारी शामिल होंगे। श्री चव्हाण ने कहा कि इस विशेष सदस्य पंजीकरण अभियान की शुरूआत मुख्यमंत्री




देवेन्द्र फड़णवीस, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले नागपुर से करेंगे। भाजपा का हर कार्यकर्ता, जन प्रतिनिधि, नेता, विधायक सभी सड़कों पर उतर कर हर बूथ तक पहुंच कर अधिक से अधिक संख्या में नागरिकों को भाजपा से जोड़ने का प्रयास करेंगे। श्री चव्हाण ने कहा कि इस अभियान के संबंध में श्री बावनकुले द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार, हर एक बूथ पर कार्यकर्ता 250 से अधिक सदस्यों को पंजीकृत करने के लिए विशेष प्रयास करेंगे। दिसंबर से शुरू हुए सदस्य पंजीकरण अभियान में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए 50 हजार से अधिक सदस्यों के पंजीकरण का लक्ष्य रखा गया है। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के तुरंत बाद संगठन पर्व शुरू हो गया। इसके बाद भाजपा के विभिन्न मोर्चों और प्रकोष्ठों ने पंजीकरण अभियान के लिए कार्यशालाएं आयोजित की। श्री बावनकुले ने भाजपा प्राथमिक सदस्य पंजीकरण अभियान में राज्य भर से डेढ़ करोड़ सदस्यों का पंजीकरण करने का निर्देश दिया था। तदनुसार, श्री चव्हाण ने यह भी कहा कि अभियान को और अधिक गतिशील बनाकर सक्रिय भागीदारी के लिए विशेष योजनाएँ बनाई गई हैं। श्री चव्हाण ने राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना से काम कर रही भाजपा के इस महा सदस्यता पंजीकरण अभियान में अधिक से अधिक नागरिकों से भाग लेने की भी अपील की है।

# खादी इंडिया सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण दिया HWARF ने

**मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर**

**खादी** इंडिया सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा हनी मिशन कार्यक्रम (जी.वी.वाई.) के अंतर्गत वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण देने का काम चल रहा है। खादी और ग्रामोद्योग आयोग और हयुमनिटेरियन वेल्फेअर अँड रिसर्च फाउंडेशन का संयुक्त अध्ययन गरडवाडी जवाहर पालघर मे किया गया, जहां खेती में काम करनेवाली आदिवासी




महिलाओं को यहां प्रशिक्षण दिया गया ताकि सरकार द्वारा चलाये जा रहे इस मिशन के जरिऐ वो अपने पैरो पर खड़े होकर अपने परिवार का पालन पोषण कर सकें, इस की ट्रेनिंग देने के लिए 5 दिनो तक ट्रेनर आते रहे और 5 दिनो में ही इन महिलाओं ने कमाल कर दिखाया अब वे इस व्यवसाय के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और अब ये लोग मधुमक्खी या उसके छत्ते की सही तरीके से देखभाल कर लेते हैं। सरकार के मिशन को HWARF की संस्थापक क्रिस्टिन स्वामीनाथ और उनकी पूरी टीम ने सफलता के साथ पूरा किया, वही इन महिलाओं को केवीआईसी से सर्टीफिकेट दिया गया है, अब ये महिलाएँ खुद का व्यापार कर सकेंगी और इनका जोश देख कर लग रहा है कि पालघर से हनी का उत्पादन जोरो शोरो से शुरू होगा और ये महिलाएँ भारत की पहली हनी का उत्पादन करने वाली बनेंगी।

# नवी मुंबई में डी-मार्ट के बाहर 5 से 6 राउंड गोलीबारी, बाइक सवार फरार

**मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर**

**मुंबई।** शुक्रवार की साम नवी मुंबई के सानपाडा डी-मार्ट के बाहर एक अज्ञात बाइक सवार ने अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। इस घटना के बाद से इलाके में सनसनी फैल गई है। नवी मुंबई में रिटेल स्टोर डी-मार्ट के बाहर हुई इस गोलीबारी में एक व्यक्ति घायल हो गया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, बाइक सवार दो लोग थे। जिन्होंने शुक्रवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे नवी मुंबई के सानपाडा



इलाके में डी-मार्ट के बाहर गोलीबारी की। फिलहाल गोलीबारी में घायल व्यक्ति की हालत अभी स्थिर है। खबर के मुताबिक, जिस जगह गोलीबारी हुई, वह एक व्यस्त इलाका है। हमलावरों ने 5-6 राउंड गोलियां चलाईं। जिससे इलाके के दुकानदार और वहां से गुजर रहे लोग घबरा गए। घटना में घायल व्यक्ति की पहचान 48 वर्षीय राजाराम ठोके के रूप में हुई है। गोलीबारी मे राजाराम के पेट और कंधे के साथ पैर में गोली लगी है। घायल को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। फिलहाल पुलिस इलाके के सीसीटीवी कैमरों की जांच कर हमलावरों की तलाश में जुटी है। जोन-1 के डीसीपी पंकज दहने ने बताया कि ठोके के पास एपीएमसी मार्केट का कचरा इकट्ठा करने और उसके निस्तारण का ठेका है। ठोके जब एनएमएमसी वार्ड ऑफिस जा रहा था, उसी समय उस पर हमला हुआ।

# संगीत मय श्रीमद् भागवत कथा महा महोत्सव




**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई के एरोली के सेक्टर 5 के सरस्वती विद्यालय के प्रांगण में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ संस्था के द्वारा संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महा महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ आठ दिवसीय यह कथा 4 जनवरी से प्रारंभ होकर 12 जनवरी को समाप्त होगा इस कथा के पीठासीन व्यास पंडित श्री राम सुजान शास्त्री जी हैं इस मौके पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई इस कथा में पंडित जी के संगीतमय भागवत कथा को सुनकर श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए हर साल की तरह इस वर्ष भी भक्तों की काफी भीड़ देखी गई लोग इस कथा को सुनने काफी दूर से आते हैं यह कथा शाम के 6:00 बजे से शुरू होकर रात के 10:00 बजे होता है सूत्रों की माने तो श्रीमद् भागवत कथा लोगों को सन्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### बर्ड फ्लू को लेकर महाराष्ट्र में अलर्ट

उनकी जांच रेस्क्यू सेंटर की प्रयोगशाला में की जाएगी। ज्ञात हो कि गोरेवाड़ा रेस्क्यू सेंटर में उपचार के दौरान हुई बाघों और तेंदुए की मौत के बाद उनके नमूने जांच के लिए भोपाल की पशु चिकित्सा प्रयोगशाला भेजे गए थे। रिपोर्ट में बर्ड फ्लू के कारण मौत सामने आने के बाद अब गोरेवाड़ा रेस्क्यू सेंटर प्रबंधन ने कड़े कदम उठाए हैं। रेस्क्यू सेंटर में पांच प्रजातियों की जांच की गई है। पशुचिकित्सक द्वारा इनके सैंपल भी ले लिए गए हैं। इसमें 12 बाघ, 24 तेंदुए, चील, दो भालू और तोते शामिल हैं। नमूने लेते समय पशुचिकित्सक द्वारा विशेष एहतियात के तौर पर पीपीई किट का उपयोग किया गया। मुख्य वन्यजीव रक्षक डॉ. विवेक खांडेकर ने कहा कि यह पहली बार है कि इस तरह के वायरस से बाघों की मौत हुई है। इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जंगली जानवरों से इंसानों को कोई नुकसान न हो और इसका प्रकोप न हो, इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### एकनाथ शिंदे को मिली जान से मारने की धमकी

पुलिस अधिकारी ने बताया कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के एक कार्यकर्ता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने रविवार को व्यक्ति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की प्रासंगिक धाराओं में मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है। आपको बताते चले कि हाल ही में शिवसेना के एकनाथ शिंदे ने रविवार को शिवसेना यूबीटी के प्रमुख नेता उद्धव ठाकरे पर जमकर हमला बोला था। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को 2024 के विधानसभा चुनाव के नतीजों को अपने विरोधियों के मुंह पर तमाचा बताया, जिन्होंने निर्वाचन आयोग और उच्चतम न्यायालय तक की आलोचना की थी।

### संपत्ति कर न भरने वालों को मनपा ने भेजा नोटिस

हालांकि, इससे संपत्ति मालिकों में फैली नाराजगी को देखते हुए सभी राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों ने भी इस बढ़ी हुई दर का विरोध किया। उसके बाद विधायक सुलभा खोडके के अनुगमन के अनुसार राज्य सरकार ने फिलहाल बढ़ी हुई दर को स्थगित कर दिया। इसलिए अब 2005 की पुरानी दर लागू कर दी गई है। गौरतलब है कि 2023-24 में भी नई दर के हिसाब से कर चुकाने वाले अधिकांश संपत्ति मालिक मध्यम वर्ग के थे।

### बुलढाणा में संजय गायकवाड़ की फिसली जबान

वे बोले वैश्याएं मतदाताओं से बेहतर होती हैं इस तरह के आपत्तिजनक शब्दों का भी अपने संबोधन में इस्तेमाल किया। संजय गायकवाड़ के इस विवादित बयान से एक बार फिर सियासी विवाद छिड़ने सकता है। आपको जानकारी दें कि विधायक संजय गायकवाड़ ने बुलढाणा निर्वाचन क्षेत्र से भारी मतों से महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव जीता। कई बार ऐसा भी हुआ है कि जीत पर कम मार्जिन की वजह से उन्हें इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ी।

# उपराष्ट्रपति धनखड़ ने दी युवाओं को सीखः देश की प्रगति के लिए राष्ट्रवाद के प्रति प्रतिबद्धता जरूरी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर-2025 का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने युवाओं से कहा कि दुनिया का कोई भी देश तब तक तरक्की नहीं कर सकता, जब तक उसके नागरिक राष्ट्रवाद के प्रति गहराई से प्रतिबद्ध न हों।

राष्ट्रवाद को हमारे सभी हितों चाहे व्यक्तिगत हो या संगठनात्मक से ऊपर होना चाहिए। अपनी मातृभूमि के प्रति श्रद्धांजलि के रूप में इन गुणों को बनाए रखें। आपकी पीढ़ी 2047 तक भारत के गौरव का निर्माण करेगी।

**आपकी पीढ़ी 2047 तक भारत के गौरव का निर्माण करेगी**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा- हमें राष्ट्रवाद को अपने सभी हितों के ऊपर रखना चाहिए



## उपराष्ट्रपति ने किया एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर-2025 का उद्घाटन

**हमें पर्यावरण की रक्षा करनी चाहिए**

उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमें पर्यावरण की रक्षा करनी चाहिए। उसका संरक्षण और सृजन करना चाहिए। स्वदेशी और आत्मनिर्भरता आत्मनिर्भर भारत का प्रतीक हैं और हमें इन्हें बढ़ावा देना चाहिए। नागरिक कर्तव्य प्रत्येक नागरिक को प्रगति का पथ प्रदर्शक बनाते हैं। ये पंच प्राण हमारी संस्कृति में रच-बसकर, व्यक्तिगत जिम्मेदारी, पारंपरिक मूल्यों और एकता की ओर यात्रा को प्रेरित करते हैं।

### एनसीसी अनुशासन के लिए अत्यावश्यक

उन्होंने कहा कि आप देश के बेहतरीन युवाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। एनसीसी में आपकी सदस्यता एक अत्यधिक अनुशासित बल के तौर पर आपको उन गुणों को आत्मसात करने में सक्षम बनाती है। हमारे राष्ट्रीय परिवर्तन की नींव पांच प्रमुख स्तंभों पर टिकी है। इसमें सामाजिक सद्भाव, पारिवारिक प्रबोधन, पर्यावरण चेतना, आत्मनिर्भरता और नागरिक कर्तव्य शामिल है। सामाजिक सद्भाव विविधता को राष्ट्रीय एकता में बदलता है इसकी आज के समय में आवश्यकता है। देशभक्ति के मूल्यों को पोषित करना हमारे पारिवारिक प्रबोधन का हिस्सा होना चाहिए।

### मजबूत राष्ट्रवादी भावना के निर्माण का अभ्यास करना चाहिए

उन्होंने कहा कि ये पांच मूल्य जिम्मेदारी और चेतना के माध्यम से एक मजबूत राष्ट्रवादी भावना का निर्माण करेंगे। इनका प्रतिदिन अभ्यास करें और हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए राष्ट्र विरोधी ताकतों के खिलाफ सतर्क रहें। मातृभूमि के प्रति हमारा समर्पण दृढ़ और अडिग होना चाहिए, क्योंकि यह हमारे अस्तित्व का आधार है। चुनौतियां इसलिए पैदा होती हैं क्योंकि राष्ट्र पिछले एक दशक में वैश्विक स्तर पर प्रशंसित वृद्धि देख रहा है।

### हम राष्ट्रीय आशावाद के दौर में जी रहे

उपराष्ट्रपति ने यह भी कहा कि हम राष्ट्रीय आशावाद के दौर में जी रहे हैं, क्योंकि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। वैश्विक संस्थाओं द्वारा भारत को एक प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में स्वीकार किए जाने के कारण युवाओं के लिए अवसर बढ़ रहे हैं। यह बुनियादी ढांचे, प्रौद्योगिकी और एक ऐसे पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के माध्यम से हासिल किया गया है। जो हर युवा को अपनी क्षमता और प्रतिभा का एहसास कराने में सक्षम बनाता है।

शहीद जवान



मारे गए नक्सली



शव बरामद, इनमें दो महिला नक्सली शामिल, आटोमेटिक हथियार जब्त

# अबूझमाड़ में मुठभेड़, फोर्स ने मार गिराए चार नक्सली, एक जवान शहीद

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

**नारायणपुर, दंतेवाड़ा, जगदलपुर, कोंडागांव जिले की डीआरजी के साथ एसटीएफ की संयुक्त पार्टी ने चलाया ऑपरेशन**

अबूझमाड़ में चलाए गए सर्च ऑपरेशन के दौरान हुई मुठभेड़ में फोर्स ने 4 नक्सलियों को मार गिराया है। इस दौरान डीआरजी का एक जवान शहीद हो गया है। नारायणपुर, दंतेवाड़ा, जगदलपुर, कोंडागांव जिले की डीआरजी के साथ एसटीएफ की संयुक्त पार्टी द्वारा यह ऑपरेशन चलाया गया था।

जानकारी के मुताबिक नक्सलियों और फोर्स के बीच शनिवार से रविवार तक रुक-रुककर मुठभेड़ जारी रही। नक्सल विरोधी सर्च अभियान में दंतेवाड़ा, नारायणपुर, बस्तर एवं कोंडागांव की डीआरजी के साथ एसटीएफ की संयुक्त पार्टी दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में रवाना हुई थी। इसी बीच फोर्स और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई।

सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच शनिवार की शाम से रुक रुककर मुठभेड़ जारी रही। इस दौरानअब तक 4 नक्सलियों के मारे जाने की जानकारी मिल रही है। फोर्स ने अब तक दो महिला नक्सली सहित कुल 4 वर्दीधारी नक्सलियों के शव बरामद कर लिए हैं।

वहीं इस मुठभेड़ में दंतेवाड़ा डीआरजी के जवान प्रधान आरक्षक सन्नू कारम शहीद हो गए। सर्चिंग में एके 47, एसएलआर जैसे आटोमेटिक हथियार भी बरामद हुए हैं।



### शहीद को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

पुलिस-नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में शहीद सन्नू कारम की पार्थिव शरीर को चॉपर से दंतेवाड़ा स्थित कारली पुलिस लाइन लाया गया। शहीद सन्नू कारम बीजापुर के मिरतुर-तिम्मेनार के रहने वाले थे। उनकी पत्नी व परिवार वालों का रो रोकर बुरा हाल है। कारली पुलिस लाइन मैदान में प्रधान आरक्षक सन्नू कारम को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, बस्तर आईजी पी सुन्दर राज, डीआईजी कमलोचन कश्यप, पूर्व विधायक देवती कर्मा, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी सहित पूरे पुलिस टीम ने अंतिम सलामी दी।

### खात्मे तक जारी रहेगी लड़ाई



नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिले के सीमावर्ती दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में अब तक 4 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। मुठभेड़ में डीआरजी के जवान, प्रधान आरक्षक सन्नू कारम के शहीद होने की भी दु:खद खबर प्राप्त हुई है। उनका यह बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा, नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षाबल के जवान बहुत ही मजबूती से लड़ाई लड़ रहे हैं और उसके खात्मे तक यह लड़ाई जारी रहेगी। ईश्वर से शहीद जवान की आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं।

**- विष्णु देव साय**
मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़ शासन

नीतीश का लालू-राबड़ी शासन पर हमला

# कुछ नहीं किया, उनकी सरकार में रात में निकलता 'दूभर' था



- प्रगति यात्रा पर निकले बिहार के सीएम

**पटना।** सीएम नीतीश कुमार ने रविवार को फिर स्पष्ट कर दिया है कि वे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में ही रहेंगे। इतना ही नहीं उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के ऑफर का भी संदेश के जरिए जवाब दे दिया। उन्होंने कहा कि हम दो बार गलती से उन लोगों के साथ चले गए थे, लेकिन अब उनको छोड़कर इधर आ गए हैं। अब पुराने साथियों के साथ ही है। उन लोगों ने बिहार के लिए कुछ नहीं किया। महिलाओं के लिए भी कोई काम नहीं किया। शाम होने के बाद कोई घर से निकलता था?

सीएम नीतीश ने लालू-राबड़ी राज की याद दिलाते हुए कहा कि पहले महिलाओं की स्थिति क्या थी सभी जानते हैं? शाम में लोग घर से बाहर नहीं निकलते थे। उन लोगों ने महिलाओं के उत्थान के लिए कोई काम नहीं किया। 2005 के बाद हमलोगों ने काफी काम किया। सबके विकास के लिए काम किया।

### एनडीए सरकार में बदलाव दिख रहा

जब से एनडीए की सरकार आई महिलाओं के उत्थान के लिए कई कार्य किए गए, जिसके फलस्वरूप आज काफी बदलाव देखने को मिल रहा है। हम लोगों ने स्वयं सहायता समूह का गठन किया उसे नाम दिया 'जीविका'। जीविका समूह से जुड़नेवाली महिलाओं की स्थिति में काफी बदलाव आया है। आप देख रहे हैं जीविका दीदियां कितना अच्छा काम कर रही हैं। बिहार में जीविका अच्छा काम करने लगी तो उस समय की केंद्र सरकार ने इसकी सराहना की और उसी की तर्ज पर 'आजीविका' नाम देकर पूरे देश में इसे चलाया। जीविका दीदियों को जिन चीजों की जरूरत होती है हम लोग उसे पूरा करते है। जीविका दीदियों को हमलोग आगे बढ़ा रहे हैं। राज्य के विकास के लिए हमलोग लगातार काम कर रहे हैं। बता दें कि यह सब बातें सीएम नीतीश कुमार ने मुजफ्फरपुर में प्रगति यात्रा के दौरान कही।

### 4.5 करोड़ की योजना की सौगात दी

सीएम नीतीश ने प्रगति यात्रा के दूसरे चरण में मुजफ्फरपुर जिले को 45140.12 लाख (451 करोड़ 40 लाख) रुपए की सौगात दी है। 76 योजनाओं से संबंधित शिलापट्टों का अनावरण कर उद्घाटन, शिलान्यास एवं कार्यारंभ किया। इनमें 9405.46 लाख रकी लागत से 51 योजनाओं का उद्घाटन, 24590.31 लाख की लागत से 23 योजनाओं का शिलान्यास एवं 11144.35 लाख की लागत से 2 योजनाओं का कार्यारंभ शामिल है।

*यूपी में आईपीएस अधिकारियों का तबादला*

# आईपीएस वैभव कृष्णा को मिली महाकुंभ डीआईजी की जिम्मेदारी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली



यूपी की योगी सरकार ने देर रात दो आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। जिन अधिकारियों के तबादले हुए उनमें डीआईजी वैभव कुमार कृष्ण और आ ई पी ए स सुनील सिंह शामिल हैं। डीआईजी वैभव कुमार कृष्ण को महाकुंभ मेले में नए डीआईजी की तैनाती मिली है। ये अभी तक आजमगढ़ में तैनात थे। वहीं सुनील सिंह को आजमगढ़ का नया डीआईजी बनाया गया है। इनकी तैनाती अभी तक पुलिस उपमहानिरीक्षक यातायात के पद पर थी। उच्च स्तर पर अधिकारियों के दायित्वों में बड़ा बदलाव किया गया है। अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार से गृह का कार्यभार वापस लेकर एक बार फिर से प्रमुख सचिव संजय प्रसाद को दिया गया है।

संजय प्रसाद से गृह विभाग का दायित्व चुनाव के दौरान आयोग के निर्देश पर वापस ले लिया गया था। तभी से यह माना जा रहा था कि उन्हें कभी भी यह चार्ज फिर से दिया जा सकता है। दीपक कुमार को वित्त व माध्यिमक शिक्षा के साथ बेसिक शिक्षा का दायित्व दिया गया है। वहीं डॉ. हरिओम पर उनके विभागीय मंत्री की नाराजगी भारी पड़ी और उन्हें समाज कल्याण विभाग से व्यावसायिक शिक्षा विभाग में भेजा गया है।

# आयुष ने नासिर पठान बन महाकुंभ में बम धमाके की दी थी धमकी

*पुलिस ने बिहार से गिरफ्तार*



मुंबई हलचल / नई दिल्ली

प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ मेला को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले को बिहार के पूर्णिया जिले से गिरफ्तार किया गया। आरोपी का नाम आयुष कुमार जायसवाल है। उसने पिछले दिनों नासिर पठान के नाम से सोशल मीडिया पर महाकुंभ मेला को उड़ान की धमकी दी थी। इसके बाद से उसकी तलाश की जा रही थी। यूपी पुलिस ने उसे पूर्णिया जिले की भवानीपुर पुलिस के सहयोग से शनिवार को शहीदगंज पंचायत स्थित वार्ड 4 से गिरफ्तार किया।

### 31 दिसंबर को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था

भवानीपुर थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि आयुष ने नासिर बनकर 31 दिसंबर को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। उसमें महाकुंभ में बम धमाका करने की धमकी दी गई थी। यूपी की प्रयागराज पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज किया और जांच शुरू की। पूर्णिया के एसपी कार्तिकेय के शर्मा ने बताया कि शहीदगंज से आयुष जायसवाल को यूपी पुलिस गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई है। उसके संबंध में और जानकारी जुटाई जा रही है।

*13 दिसंबर को 70वीं प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन किया गया था*

# सुप्रीम कोर्ट पहुंचा बीपीएससी परीक्षा रद्द कराने का मामला, लाठीचार्ज पर एक्शन की भी मांग

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं प्रीलिम्स परीक्षा का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। बीपीएससी परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर शीर्ष अदालत में याचिका दायर की गई है। इसमें परीक्षा में बड़े स्तर पर धांधली का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट के किसी रिटायर्ड जज की निगरानी में जांच कराने की मांग की गई है। साथ ही पटना में बीपीएससी अभ्यर्थियों पर हुए लाठीचार्ज के मामले में जिले के डीएम और एसपी के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की गई है।

जानकारी के अनुसार याचिकाकर्ता ने इस मामले में जल्द सुनवाई की मांग की है। बताया जा रहा है कि अगले सप्ताह इस पर सुनवाई की जा सकती है। दूसरी ओर, पटना में बीपीएससी अभ्यर्थियों का धरना जारी है। जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर भी अभ्यर्थियों के साथ अनशन पर बैठे हैं।



बीपीएससी द्वारा 13 दिसंबर को राज्यभर में सिविल सेवा के दो हजार पदों पर बहाली के लिए 70वीं प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन किया था। पटना के बापू परीक्षा केंद्र पर हंगामा हो गया था। अभ्यर्थियों ने पेपर लीक और परीक्षा में धांधली का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। इसके बाद बाद पटना के गर्दनीबाग में बीपीएससी परीक्षार्थी अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए और परीक्षा को रद्द करने की मांग की। आयोग ने बापू सेंटर के करीब 12 हजार परीक्षार्थियों के लिए 4 जनवरी को फिर से परीक्षा आयोजित की। हालांकि, आंदोलनकारी छात्र सभी 4 लाख से ज्यादा अभ्यर्थियों की पुनः परीक्षा की मांग पर अड़े हुए हैं।

### राहुल, तेजस्वी छात्रों का नेतृत्व करें, हम पीछे चलेंगेः प्रशांत किशोर

बीपीएससी री एग्जाम समेत पांच सूत्री मांगों परजन सुराज के प्रशांत किशोर पटना गांधी मैदान में आमरण अनशन पर बैठे हैं। उनके आन्दोलन के औचित्य पर सवाल उठाने वालों को प्रशांत किशोर ने करारा जवाब दिया है। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को छात्रों के नेतृत्व का ऑफर दिया है। पीके के बयान पर राजद की ओर से पलटवार किया गया है। तेजस्वी यादव, पप्पू यादव समेत बीजेपी और जदयू के नेताओं ने प्रशांत किशोर ने सवाल उठाया है।

# आगजनी से प्रभावित नागरिकों से मुलाकात एवं चर्चा

## मास्टरमाइंड को गिरफ्तार करें : एकता संगठन की मुख्य मांग

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**रावेर।** जलगांव जिला एकता संगठन कर्फ्यू हटने के बाद पालधी गांव गया और उन 21 नागरिकों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की जिनकी दुकानें जल गईं और जिनके घर क्षतिग्रस्त हो गए थे उनके प्रति सहानुभूति व्यक्त की और उन्हें आश्वासन दिया कि एकता संगठन उचित समय पर उच्च न्यायालय जाएगा। और आपको न्याय दिलाएगा।

**पालधी में धर्म गुरुओं के साथ चर्चा**

संगठन ने पालधि गांव की सभी मस्जिदों के इमामों से भी मुलाकात की और उन्हें गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए युवाओं को जरूरी सलाह देने की सलाह दी. जांच अधिकारी और पुलिस निरीक्षक से मुलाकात और शिकायत प्रपत्र सौंपा धरनगांव पुलिस स्टेशन में जाकर अपराध जांच अधिकारी और पुलिस निरीक्षक धरनगांव पुलिस स्टेशन पी पी देसले से मिलने के बाद, उन्हें एक शिकायती अर्ज भी दिया गया।

**शिकायत अर्जी में आवेदन के मुद्दे**

1) चूंकि वर्तमान घटना पूर्व नियोजित, मिलीभगत और साजिश थी, इसलिए इन धाराओं को भी एफआईआर में शामिल किया जाना चाहिए।

2) एफआईआर में केवल 12 दुकानें क्षतिग्रस्त हुई हैं और वास्तव में 21 दुकानें क्षतिग्रस्त हुई हैं, अलग-अलग शिकायत दर्ज की जानी चाहिए।




3) एफआईआर में नुकसान की राशि बहुत कम दिखाई गई है और वास्तव में पंचनामा द्वारा सही राशि दर्शाई जानी चाहिए

4) वर्तमान मामले में गांव के एक महत्वपूर्ण स्थान (आवेदन में उल्लिखित) के सीसीटीवी फुटेज और डीवीआर को तुरंत जब्त किया जाना चाहिए और उसे देखकर आरोपी का पता लगाया जाना चाहिए।

5) ग्राम पंचायत पालधी के ग्राम सेवक दीपक पाठक के खिलाफ भी कार्रवाई की जानी चाहिए, जिन्होंने 1 जनवरी को सबूत नष्ट करने की कोशिश की है.

6) राजस्व विभाग ने पंचनामा करते समय केवल कोरे कागज पर घायल पक्ष के हस्ताक्षर लिए हैं और इसकी प्रति तत्काल संबंधित को दी जानी चाहिए.

7) चूंकि उक्त अपराध अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थ अर्थात पेट्रोल को डंप करके किया गया था, इसलिए किस पेट्रोल पंप से कितना पेट्रोल कैन में लिया गया, बोतलों में इस्तेमाल किया गया, साथ ही दुकान को तोड़ने के लिए इस्तेमाल किए गए सभी हथियार जब्त किए जाने चाहिए।

8) आरोपियों को रिमांड पर लेते हुए हथियार और पेट्रोल के डिब्बे की बरामदगी के संबंध में रिमांड बढ़ाई जाए.

9) हालांकि एफआईआर में अज्ञात 20 से 25 लोगों का जिक्र है, असल में एक ही समय में अलग-अलग जगहों पर 21 दुकानों को तोड़ा, लूटा और जलाया गया, इसलिए 25 से ज्यादा अपराधी होंगे, साथ ही एक मास्टर माइंड भी होगा जो कंट्रोल कर रहा होगा , उन्हें निर्देशित करना और साजिश रचना और उन्हें गिरफ्तार करना ऐसी मांग को लेकर शिकायती आवेदन दिया गया।

**अपराध की जांच कानूनी होगी - पी.एन. देसले**

जांच अधिकारी एवं पुलिस निरीक्षक पी पी देसले ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि संगठन के शिकायत प्रपत्र को पढ़ने के बाद इस मामले में किसी को बख्शा नहीं जाएगा या किसी राजनीतिक दबाव में कोई जांच नहीं की जाएगी.


**प्रतिनिधिमंडल में शामिल**

एकता संगठन के प्रमुख मौलवी मुफ्ती खालिद, हाफिज रहीम पटेल, फारूक शेख, अनीस शाह, अनवर सिकलगर, मतीन पटेल, सलीम इनामदार, कासिम उमर, आरिफ देशमुख, सईद इमरान, सईद शेख, अकील शेख आदि मौजूद रहे।

# 7 जनवरी 2025 को गरीब नवाज कांफ्रेंस एवं नातिया मुशायरा, शबाब पर अंजुमन कारवां मिल्लत की मेहनत जारी

**मुंबई हलचल/मो सालिम आजाद**

**मधुबनी।** हर साल ख्वाजा गरीब नवाज के उर्स पाक 6 रजब के मौके पर अंजुमन कारवां मिल्लत वेलफेयर ट्रस्ट गरीब नवाज कॉन्फ्रेंस और नातिया मुशायरा का आयोजन किया जाएगा इस साल यह कॉन्फ्रेंस मंगलवार 7 जनवरी 2025 को बाद नमाज ईशा विजन इंटरनेशनल स्कूल ग्राउंड दरभंगा मोहल्ला फैजाबाद में आयोजित की जाएगी जिसमें शामिल पीरे तरीकत रहबर शरिया हजरत अल्लामा मौलाना अल्हाज सैयद शम्सुल्लाह जान मिस्बाही जिन्हें बाबू हुजूर साहब किबला के नाम से जाना जाता है की सरपरस्ती में खान चौक वार्ड नंबर 29 में होने जा रहा है और प्रिंस सरकार बाबू हुजूर की अध्यक्षता में हजरत मौलाना हाफिज और कारी सैयद नूरुल अमीन साहब हजरत मौलाना तकी रजा खान और मौलाना अल्हाज सलमान अहमद रिजवी के संचालन में संस्थापक और अध्यक्ष रियाज खान कादरी के नेतृत्व में किबला पढ़ेंगे। सम्मेलन में अंजुमन कारवां मिल्लत वेलफेयर ट्रस्ट विशेष संबोधन करेगा. खिताबे शहंशाह हजरत अल्लामा मौलाना डॉ. गुलाम गौस कादरी साहब किबला सीवान आ रहे हैं कॉन्फ्रेंस में दरभंगा के अलावा अहल सुन्नत खतीब हजरत मौलाना रेहान अंजुम मिस्बाही हजरत मौलाना वारिस अली खतीब समेत सुन्नत के उलेमा भी शामिल होंगे अहल सुन्नत प्रिंस अल्लामा अबुल हक्कानी हजरत मौलाना मुफ्ती तहसीन रजा मिस्बाही साहब नाजिम आल जामिया फातिमा अल जहरा दोनार दरभंगा खतीब अहल-ए-सुन्नत हजरत मौलाना रजा अल-मुस्तफी मिस्बाही, मद्रास खानकाह, समरकंद, दरभंगा के अध्यक्ष खतीब इंदु नेपाल हजरत मौलाना मुफ्ती फूल मुहम्मद खानकाह मौलाना अशरफ रजा कादरी प्रिंसिपल मदरसा हमीदिया किलाघाट हजरत मौलाना अल्हाज अब्दुल आलम



मिस्बाही हजरत मौलाना मुफ्ती उस्मान गनी हजरत मुफ्ती कुतुबुद्दीन मिस्बाही मौलाना डॉ. हाफिज कामरान अहमद खान हजरत मौलाना गुलाम रसूल बसोली हजरत मौलाना कारी साबिर रजा मौलाना हशमत रजा मिस्बाही मौलाना गुलाम सरवर मिस्बाही मौलाना अहमद रजा मिस्बाही मौलाना अख्तर रजा मिस्बाही मौलाना फैसल रजा बरकाती मौलाना कारी अफाक आलम हाफिज मुजाहिदुल इस्लाम मौलाना कारी अनवर रजा हाफि ज नसीम अहमद मौलाना एहसान रजा मौलाना इरफान रजा मौलाना तस्नीम रजा मौलाना आरिफ रजा मिस्बाही मुफ़्ती हामिद रजा सईदी मौलाना अशफाक रजा अमजदी मौलाना कारी अब्दुल अहद साहब कारी साबिर रजा हाफि ज खुर्शिद रजा मौलाना रसद खान मौलाना अफ्फान रजा अजहरी मुफ़्ती अहमद रजा मौलाना शमीम कांफ्रेंस में अख्तर जिया मौलाना एहतेशाम अमजदी मौलाना अमीर रजा खान मौलाना अजमत रजा मुफ्ती शादाब आलम रिजवी हाफिज अकबर रजा फिरदौसी मौलाना बशीर अल हादी के नाम शामिल हैं। दरभंगा शहर में पहली बार नात-पाक की खुशबू फैलाने के लिए भारत के शायर जनाब नायाब और कोलकाता बुलबुल बाग रजा शहंशाह के गाने जनाब नसीम सहर जियावी मौलाना अमन नवाज खान डॉ. अहमद रहमानी खालिद रजा कॉन्फ्रेंस में कादरी हाफिज सरफराज फैजी हाफिज तनवीर अलुम मारुफ रजा मौलाना गुलाम अहमद रजा महफूज आलम खान आमिर सुब्हानी आदिल इकबाल अफजल खान और अन्य नात खान आ रहे हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष रियाज खान कादरी ने बताया कि कॉन्फ्रेंस का पोस्टर छपवाने के बाद हमेशा की तरह सबसे पहले एसोसिएशन के सचिव सरकार गरीब नवाज के दरबार में जाकर पहला पोस्टर कवर करेंगे इंजीनियर गनी हैदर खान उप सचिव, अब्दुल सलाम खान, गुलरेज, अहमद राशिद इकबाल खान, गुलाब अंसारी, उपाध्यक्ष, शम्स अल-जया खान, टी.टी. उर्फ पप्पू शाहिद खान इरफान खान बदर आलम खान आबिद रजा खान डॉ. अहमद रहमानी मोहम्मद मंजर फिरोज आलम लाल बाबू मोहम्मद निजाम दिलशाद मोहम्मद तनवीर खान मोहम्मद समीरूल डॉ. सरफराज सिद्दीकी राशिद अली खान के अलावा संस्था के सभी सदस्यों ने कड़ी मेहनत कर रहे हैं सम्मेलन को सफल बनाने में।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# रोजाना सिर्फ 5 मिनट करें पावर योग, चेहरे पर आएगा निखार



योग हमारी हेल्थ के लिए कितना अच्छा होता है, ये बात हमें शायद आपको बताने की जरूरत नहीं है क्योंकि आज लगभग हर महिला जानती हैं कि योग उनके तन-मन के लिए कितना फायदेमंद होता है। साथ ही ये बालों के लिए भी किसी वरदान से कम नहीं है लेकिन आज हम आपको पावर योग के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे सिर्फ 5 मिनट करके ना केवल आप लंबे समय तक हेल्दी रह सकती हैं बल्कि आपके चेहरे पर स्पेशल निखार भी आने लगेगा। इसे करने से पूरी बॉडी की एक्सरसाइज एक साथ हो जाती है। सिर्फ 5 मिनट पावर योग से आप खुद को फिट रख सकती हैं। पावर योग एरोबिक्स की तरह है क्योंकि इसमें मूवमेंट अन्य योग क्रियाओं से तेज होती हैं। अगर आप हर रोज सिर्फ 5 मिनट भी पावर योगा कर लेंगी तो आपको अपनी बॉडी में बहुत जल्दी ही बदलाव महसूस होने लगेगा। आज हम आपको सूर्य नमस्कार के अलावा ऐसे 3 पावर योग के बारे में बताएंगे जिन्हें करने से ना केवल आपकी हेल्थ अच्छी रहेगी बल्कि चेहरे पर स्पेशल ग्लो भी देखने को मिलेगा।

**सूर्य नमस्कार**

हेल्थ के प्रति जागरूक महिलाओं के लिए सूर्य नमस्कार एक वरदान है। इससे न केवल एक्स्ट्रा कैलोरी बर्न होती है बल्कि पेट की मसल्स भी सही शेप में आ जाती है। इसके अलावा सूर्य नमस्कार रेगुलर करने से महिलाओं के पीरियड्स से जुड़ी सभी प्रॉब्लम दूर होती है, शरीर में लचीलापन आता है, पेट ठीक रहता है, चेहरे पर गजब का निखार आता है और यह झुर्रियां आने से रोकता है जिससे आप लंबे समय तक जवां और खूबसूरत दिखती है। सूर्य नमस्कार को सुबह के समय सूरज की ओर चेहरा करके ही करना चाहिये क्योंकि सूरज हमें एनर्जी प्रदान करता है।

**धनुरासन**

धनुरासन को भी पावर योग ही माना जाता है। इसे करने से बॉडी अच्छे से डिटॉक्स हो जाती है, जिससे मुंहासों का आना कम हो जाता है और स्किन पर गजब का निखार आने लगता है। इस आसन को करने से पेट का फैट कम होता है और स्किन पर ग्लो आता है। इस पावर योग को करने के लिए सबसे पहले पेट के बल लेट जाए। दोनों पैरों को मिलाकर घुटनों से मोड़ें। फिर दोनों हाथों को पीछे ले जाकर दोनों पैरों को टखनों से पकड़ें और सांस बाहर छोड़ते हुए पैरों को खींचें। साथ-साथ सिर को पीछे की ओर ले जाने की कोशिश करें। शरीर का सारा वजन आपकी नाभि पर होना चाहिए। सांस खींचते हुये पकड़ ढीली करें। यह क्रिया, कई बार करें।

**अधोमुखश्वानासन**

इस योगाभ्यास को करने से चेहरे का ब्लड फ्लो बेहतर होने से स्किन पर ग्लो आता है। साथ ही मसल्स एक्टिव होते हैं। शायद आपको पता नहीं इस योग के रोजाना अभ्यास से पैर और गर्दन का स्ट्रेस भी कम होता है और पैरों को आराम मिलता है। इसे करने के लिए आप दोनों हाथों और घुटनों पर खड़े हो जाए। फिर सांस छोड़ते हुए हिप्स को ऊपर की ओर उठाए और कोहनी और घुटनों को सीधा रखें। जितना संभव हो उतना हाथों और पैरों को सीधा रखें। अपनी हथलियों को जमीन पर सीधा रखे और कंधों से दूर रखे, पैरों को हथलियों के समांतर रखे।

**हस्तपदासन**

यह आसन भी सूर्य नमस्कार में शामिल हैं। जी हां हस्तपदासन सूर्य नमस्कार के तीसरे नंबर का आसन है। ये आसन शुरू करने से पहले सीधे खड़े हो जाए उसके बाद ये आसन करें। हाथों को सिर के पास ले जाएं तथा उसके बाद आराम-आराम से नीचे की ओर झुकना है। पूरे शरीर का वजन दोनों पैरों पर होना चाहिए। सांस छोड़ते रहे और घुटनों के पास सिर लगाए। दोनों हाथ फर्श पर स्पर्श होने चाहिए। इस आसन को करने से आपके फेस का ब्लड फ्लो बढ़ता है जिसके कारण आपके चेहरे पर अलग तरह का ग्लो आ जाता है। इस आसन को करने से पीठ और हैमस्ट्रिंग में इंटेस स्ट्रेच होता है। इसको करते समय पैर सीधा और सांस लेने का तरीका सही होना चाहिए।



# स्किन और बालों के लिए वरदान है नीम, जानिए इसके अनगिनत फायदे

गर्मी के मौसम ने हलकी-फुलकी दस्तक दे दी है। बस कुछ ही दिनों में मौसम में काफी बदलाव दिखाई देगा। गर्मी का मौसम अपने साथ बहुत सारी हैल्थ और ब्यूटी प्रॉब्लम्स भी लेकर आता है क्योंकि इस मौसम में पसीना काफी निकलता है जिससे ब्यूटी और हैल्थ इंफैक्शन ज्यादा जल्दी होता है। ऐसे मौसम में ऐसी चीजों का इस्तेमाल करना बहुत जरूरी होता है जो इन वायरस इंफेक्शन्स से आपको बचाए गए। जिसमें से एक है नीम। स्वाद में भले ही यह कड़वी होती है लेकिन इसके एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-फंगल गुण आपको एंटीपाइरेटिक, एंटीऑक्सीडेंट और एंटीप्रोटोजोअल गुण प्रदान करते है। आयुर्वेद में नीम, सदियों से उपयोगी औषधि के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। खून साफ करने से लेकर यह बालों के लिए बेस्ट माना जाता है। इसके पत्तों का रस पीने से कीटाणु नष्ट हो सकते हैं। चलिए आज हम आपको नीम के अलग-अलग फायदों के बारे में बताते हैं।

**स्किन के लिए: मुंहासे, दाग-धब्बे, रिंकल्स और चमक**

बहुत से लोग रिंकल्स, पिंपल्स और उसे दाग-धब्बों से परेशान रहते हैं। उन लोगों के लिए नीम वरदान है। इसकी पत्तियों को पीसकर पेस्ट तैयार करें और चेहरे पर लगाएं। इससे चेहरे पर एक्स्ट्रा तेल नहीं निकलेगा जिससे मुंहासे नहीं होंगे साथ ही इसके एंटी-एजिंग गुण रिंकल्स को दूर रखते और चेहरे को साफ-सुथरा ग्लोइंग बनाते हैं। आप नहाने में नीम साबुन का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

**बालों के लिए: डैंड्रफ, मजबूती और चमक**

नीम का रस बालों में लगाने से आपके बालों को मजबूती और चमक मिलती है। नीम के तेल की मालिश करने से हेयर ग्रोथ तेजी से होती हैं साथ ही बालों को मजबूती मिलती है। आप नीम के पाउडर को पानी में मिलाकर बालों में लगाएं फिर थोड़ी देर ऐसे ही छोड़ दें और फिर पानी से धो लें। ऐसा करने से बालों से डैंड्रफ भी खत्म हो जाएगी। यह एक अच्छा हेयर कंडीशनर भी है।

**पेट के लिए: कीड़े, दस्त** - पेट की समस्याओं में भी आप नीम कमाल के फायदे पहुंचा सकती है। नीम रस को शहद में मिलाकर पीने से आपके पेट के सारे कीड़े मर जाएंगे। इसकी पत्तियों को सुखा लें और शक्कर के साथ मिलाकर खाने से आपको दस्त से आराम मिलेगा।

**जली स्किन के लिए: घाव व निशान** - कई बार खाना बनाते समय या किसी अन्य कारण शरीर का कोई अंग जल जाए तो तुरंत उस जगह पर नीम की पत्तियों को पीसकर लगा लें। जल्द आराम मिलेगा। निशान भी चले जाएंगे।

**कान दर्द से राहत** - कान दर्द की शिकायत हैं तो नीम का तेल इस्तेमाल करना काफी फायदेमंद रहेगा। कई लोगों में कान बहने की भी बीमारी से भी परेशान रहते हैं ऐसे लोगों के लिए भी नीम का तेल एक कारगर उपाय है।

**दांतों के लिए** - पहले लोग नीम की दातुन ही करते थे लेकिन अब जल्दी और आसानी के लिए लोग टूथपेस्ट और ब्रश इस्तेमाल करते हैं लेकिन नीम दातुन करने के अपने ही लाजवाब फायदे हैं। नीम की दातुन पायरिया प्रॉब्लम दूर करने में सबसे बेस्ट उपाय है।

**फोड़े-फुंसियां करें ठीक** - खून साफ न होने की वजह से फोड़े-फुंसियां की समस्या रहती हैं। वहीं जो लोग ज्यादा मीठा खाते हैं उन्हें भी स्किन की यह प्रॉब्लम रहती हैं। उन्हें नीम पत्तियां पीस कर प्रभावित जगह पर लगानी चाहिए। इसके पानी से नहाने से भी ऐसी प्रॉब्लम दूर रहती हैं पानी में नीम की पत्तियां डालें और इसे उबाल लें इस पानी को बाकी पानी में मिलाकर नहाने में यूज करें।

**नीम फामूर्ला से दूर करें स्टोन प्रॉब्लम** - स्टोन यानि पथरी की शिकायत है तो लगभग 150 ग्राम नीम की पत्तियों को 1 लीटर पानी में उबाल लें, फिर इस पानी को थोड़ा ठंडा होने के बाद पी लें। रोजाना ऐसा करने से आपके किडनी स्टोन निकल जाएगा।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर






## राशा थडानी की लेटेस्ट फोटोज ने इंटरनेट पर लगाई आग

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह आए दिन अपनी लाइफ से जुड़ी अपडेट फैंस के साथ थडानी सोशल के जरिए शेयर करती है। राशा थडानी ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ फोटोज शेयर किए हैं। राशा थडानी की लेटेस्ट फोटोज देखकर फैंस बोलने लगे कि यह तो अपनी मां रवीना टंडन की कॉपी है। राशा थडानी ने इंस्टाग्राम पर कुछ फोटोज शेयर किए हैं। राशा थडानी की लेटेस्ट फोटोज ने इंटरनेट पर आग लगा दी है। इन फोटोज में राशा ने ग्रे टॉप और पेंट पहनी हैं।

## 'मैं कड़ी मेहनत करता रहूंगा'

**बॉलीवुड** सुपरस्टार अक्षय कुमार की अगामी फिल्म स्काई फोर्स का ट्रेलर रिलीज किया गया है। इस फिल्म के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में 2024 में बॉक्स ऑफिस पर आने वाली चुनौतियों के बारे में बात करते हुए कुछ बात कही। उन्होंने कहा कि बड़े मियां छोटे मियां, सरफिरा और खेल खेल में सहित अपनी कई हालिया फिल्मों में असफलताओं का सामना करने के बावजूद, अभिनेता अडिग हैं, और अपनी अडिग कार्य नीति पर जोर देते हैं। स्काई फोर्स में एक साहसी भारतीय वायु सेना अधिकारी की भूमिका निभाने के लिए तैयार अक्षय ने कहा कि उनका तीन दशक से अधिक लंबा करियर एक सिद्धांत पर बना है और इसमें कड़ी मेहनत करना है। उन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने पहले भी कठिन समय का सामना किया है और जानते हैं कि कैसे वापसी करनी है। अपने करियर में उतार-चढ़ाव को दर्शाते हुए अक्षय ने कहा, यह पहली बार नहीं हुआ है, ऐसा पहले भी हुआ है... और सबसे अच्छी बात यह है कि कड़ी मेहनत करते रहना है... यही मैं खुद से कहता हूं। अभिनेता ने कहा कि कई लोगों की सलाह के बावजूद कि वे कम फिल्में करें या सिर्फ जन मनोरंजन पर ध्यान दें, वे अपनी गति से काम करना जारी रखना चाहते हैं।






## दीपिका ने दुनिया भर में किया है देश का नाम रोशन

**एक्ट्रेस** दीपिका पादुकोण 5 जनवरी को अपना जन्मदिन मना रही हैं और चारों तरफ से बधाइयां मिल रही हैं। हाल ही में दीपिका पादुकोण अपना 39वां जन्मदिन मनाई हैं, आइए उन खास पलों पर एक नजर डालते हैं, जब उन्होंने ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर भारत का नाम रोशन किया। चाहे ऑस्कर और बाफ्टा में प्रेजेंटेशन हो, कान्स फिल्म फेस्टिवल में जूरी सदस्य बनना हो, या डेडलाइन की डिसरप्टर लिस्ट में शामिल होने वाली एकमात्र भारतीय होना हो कि दीपिका वाकई एक ग्लोबल स्टार हैं। दीपिका पादुकोण को टाईम्स मैगजीन के कवर पर फीचर्ड किया गया है। उन्हें अपने काम के जरिए बॉलीवुड को दुनिया से जोड़ने के लिए जाना जाता है। वह टाईम्स मैगजीन द्वारा दो बार सम्मानित होने वाली इकलौती इंडियन हैं। दीपिका पादुकोण को टाईम्स मैगजीन के 100 मोस्ट इनफ्लुएंशियल पीपल ऑफ द ईयर में शामिल किया गया है, जो उनके दुनिया पर प्रभाव को मान्यता देता है। वह इस लिस्ट में शामिल होने वाली एकमात्र इंडियन एक्ट्रेस हैं। दीपिका पादुकोण को टाईम्स इम्पैक्ट अवॉर्ड मिला है, जो उन लोगों को दिया जाता है जिन्होंने दुनिया पर बड़ा असर डाला है।